दिन– बुधवार दिनांक– 25 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बिहार के नये राज्यपाल होंगे। राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का बनाया गया राज्यपाल।

02. कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। सुशासन दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।

03. सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नवनिर्मित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि, डेयरी और मत्स्य–पालन सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

04. और, क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गिरिजाघरों में आयोजित हो रही हैं विशेष प्रार्थना सभाएं।

———————————————————————

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बिहार के नये राज्यपाल होंगे। वे बिहार के बयालीसवें राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार समेत पांच राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। श्री आर्लेकर ने सत्रह फरवरी दो हजार तेईस को बिहार के राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वे एक वर्ष दस महीने तक बिहार के राज्यपाल रहे। इधर, मिज़ोरम के राज्यपाल डॉक्टर हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा के राज्यपाल बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह को मिज़ोरम और पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राजधानी दिल्ली में आज वाजपेयी जी की समाधि सदैव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पटना के पाटलिपुत्रा पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इधर, पटना के ज्ञान भवन में संस्कृति मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता की ओर से मैं अटल रहूंगा, कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा की ओर से अटल बिहारी वाजयेपी की जंयती सुशासन दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राजनेता थे, जो आज भी अनगिनत लोगों के प्रेरणा–स्रोत हैं। वाजपेयी जी को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत को 21वीं सदी में ले जाने के लिए राष्ट्र, अटलजी का सदैव आभारी रहेगा। अख़बारों में अपने लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि साधारण परिवार से होने के बावजूद अटल बिहारी वाजपेयी ने आम आदमी के संघर्ष और शासन में बदलाव की उसकी शक्ति को महसूस किया।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नवनिर्मित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि, डेयरी और मत्स्य–पालन सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित करेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ लड़ेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि दोनों दल एकजुटता के साथ चुनाव में उतरेंगे। श्री झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का बिहार और पूर्वांचल के लोगों के प्रति प्रेम एक दिखावा है।

———बाईट———

———————————————————————————

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों की कल पटना में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिशन दो सौ पच्चीस के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई। साथ ही पन्द्रह जनवरी से शुरू हो रहे जिला स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता को लेकर प्रदेश कार्यक्रम संयोजक मंडल की घोषणा की गयी।

———————————————————————————

राजद के वरिष्ट नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए गम्भीरता से प्रयास करने की अपील की है। पटना में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में श्री यादव ने कार्यकर्ताओं से एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम करने को कहा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने उन थानों की सीआईडी जांच करवाने का फैसला किया है, जिसके बारे में काफी शिकायतें मिल रही हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जांच के दौरान पिछले कुछ महीनों के दौरान थाने की हरेक गतिविधि का ब्यौरा तैयार किया जायेगा। साथ ही थाना में तैनात सभी पुलिसकर्मियों के स्तर से कितने केस में आरोप पत्र दायर किया गया और कितने लम्बित मामलों का निपटारा हुआ, इसकी भी जांच होगी। इधर, सीआईडी ने पटना के जानीपुर थाना की गतिविधियों की जांच शुरू कर दी है। इस थाने की लगातार शिकायत मिल रही थी।

———————————————————————————

प्रदेश की जन वितरण प्रणाली दुकानों की अब एप के माध्यम से निगरानी होगी। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य और उपभोक्ता विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने पीडीएस प्रकाश एप का लोकार्पण किया। इस एप के माध्यम से अधिकारियों को राशन दुकानों की जांच करने में सुविधा होगी। साथ ही लाभुकों के फीडबैक की बेहतर तरीके से निगरानी की जा सकेगी और उनकी समस्याओं का भी तत्काल समाधान किया जा सकेगा।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द नहीं होगी। आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द परीक्षा चार जनवरी को होगी। इसके लिए सत्ताईस दिसम्बर से प्रवेश पत्र डाउनलोड होगा। वहीं, मुख्य परीक्षा को लेकर कहा गया है कि यह अगले वर्ष अप्रैल महीने में सम्भावित है। आयोग ने छात्रों को अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी है।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग अभ्यर्थियों के प्रति पूरी तरह

संवेदनशील है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा में किसी प्रकार की खामी पाई जाती है तो उस पर आयोग उचित कार्रवाई करेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईसाई धर्मावलंबी ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर लोग अपने घरों को क्रिसमस ट्री और जगमगाते सितारों से सजाते हैं तथा एक दूसरे को उपहार देते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्रिसमस को लेकर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

सिखों के दसवें गुरू गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का तीन सौ अंठावनवां प्रकाश पर्व आज से शुरू हो गया है। आज सुबह पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब से प्रभात फेरी निकाली गयी। ग्यारह दिवसीय प्रभात फेरी का समापन पांच जनवरी को होगा। वहीं, प्रकाशोत्सव का आयोजन छह जनवरी को किया जायेगा।

———————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार—चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस बार दिसम्बर महीने में पिछले तीन वर्षों की तुलना में औसत न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की कम सक्रियता और बर्फीली पछुआ हवा में कमी आने से तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————————

राज्य के विद्यालयों में खेल प्रतिभा की तलाश के लिए दो जनवरी से शुरू हो रहे विशेष अभियान मशाल में भाग लेने के लिए छात्रों को निबंधन करवाना अनिवार्य होगा। निबंधन की प्रक्रिया विद्यालय स्तर पर होगी। इसमें आधार कार्ड को अनिवार्य बनाया गया है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के चोरौथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत चोरौथ दुर्गा स्थान स्थित मध्य विद्यालय में छज्जा गिरने से तीसरी कक्षा के एक छात्र की मौत हो गयी।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मैठी टोल प्लाजा के पास राजस्व आसूचना निदेशालय की टीम ने एक ट्रक से एक करोड़ बीस लाख रूपये मूल्य की विदेशी सिगरेट जब्त की है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

एसटीएफ की टीम ने खगड़िया जिले के ईनामी अपराधी धर्मवीर यादव को उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

पटना के नौबतपुर से पुलिस ने तीन लाख रूपये के ईनामी अपराधी माणिक सिंह के चार सहयोगियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– आरिफ मोहम्मद खान बिहार के नये राज्यपाल।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बिहार को देख, देश में जीविका पर हो रहा अच्छा काम।

प्रभात खबर की सुर्खी है– नालंदा की गोल्डी समेत सत्रह बच्चों को कल पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– लखनऊ में बैंक लॉकर लूटने वाले मुंगेर के दो बदमाशों का लखनऊ और गाजीपुर में एनकाउंटर।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– भारत–पाकिस्तान मैच तेईस जनवरी को दुबई में।

आज अखबार की सुर्खी है– पुंछ में सेना का वाहन तीन सौ पचास फुट गहरी खाई में गिरा, पांच शहीद।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बिहार के नये राज्यपाल होंगे। राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का बनाया गया राज्यपाल।

02. कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। सुशासन दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।

03. सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नवनिर्मित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि, डेयरी और मत्स्य–पालन सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

04. और, क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गिरिजाघरों में आयोजित हो रही हैं विशेष प्रार्थना सभाएं।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।